## संपादकीय

### प्रवासी मजदूरों की फिक्र

सुप्रीम कोर्ट ने वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना को जमीन पर उतारने के लिए जो सख्त निर्देश जारी किए हैं, वे बहुत महत्वपूर्ण हैं। महामारी के हालात में आजीविका गंवा चुके प्रवासी मजदूरपरिवारों की त्रासद स्थिति की सहज ही कल्पना की जा सकती है। ऐसे हर परिवार के लिए और परिवार के हर सदस्य के लिए राशन-पानी का इंतजाम उसी स्थान पर होना चाहिए, जहां वे रह रहे हों। इसलिए वन नेशन, वन राशन कार्ड की योजना की उपयोगिता और आवश्यकता में कोई संदेह नहीं हो सकता। लेकिन उस पर प्रभावी अमल सुनिश्चित करने को लेकर सवाल जरूर बनता है। इसी सवाल पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों की खिंचाई करते हुए उनके अब तक के प्रयासों की तीखी आलोचना की है।

ध्यान रहे, कोर्ट ने देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान प्रवासी मजदूर परिवारों की दुर्दशा को देखते हुए पिछले साल मई में इस सुओमोटो केस पर सुनवाई शुरू की थी। इस बीच वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना पर बातें बहुत होती रहीं, प्रवासी मजदूरों तक योजना के फायदे पहुंचाने के दावे भी किए जाते रहे, लेकिन फायदे तो तब पहुंचेंगे जब इन प्रवासी मजदूरों का रजिस्ट्रेशन होगा। इसी मोर्चे पर सरकारों की ओर से लापरवाही बरती जा रही है।

कोर्ट ने केंद्र सरकार से असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का नैशनल डेटाबेस तैयार करने का काम 31 जुलाई तक पूरा करने को कहा है। इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े दूसरे अधूरे काम भी इसी बीच पूरे करने होंगे। उदाहरण के लिए, दिल्ली जैसे राज्य में भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों में ईपीओएस (इलेक्ट्रॉनिक पॉइंट ऑफ सेल) की शुरुआत नहीं की गई है। चूंकि इसके बगैर राशनकार्ड धारक की रीयल टाइम पहचान सुनिश्चित नहीं हो सकती, इसलिए यह व्यवस्था भी अमल में नहीं लाई जा सकती कि यूपी या बिहार के किसी मजदूर को मुंबई, बेंगलुरु या चेन्नै में राशन मिल जाए और उसके परिवार को यह उसके गांव स्थित दुकान से मिलता रहे।

गौर करने की बात यह भी है कि जिन कानूनों के तहत सुप्रीम कोर्ट ने प्रवासी मजदूरों के परिवारों के लिए यह सहूलियत सुनिश्चित करने को कहा है, वे बरसों पुराने हैं। नेशनल फूड सिक्यॉरिटी एक्ट 2013 से, इंटर स्टेट माइग्रेंट वर्कमेन एक्ट 1979 से और अनऑर्गनाइज्ड वर्कर्स सोशल सिक्यॉरिटी एक्ट 2008 से ही अस्तित्व में हैं। साफ है कि किसी कानून का बन जाना और संबंधित सभी लोगों तक उस कानून का फायदा सचमुच पहुंच पाना दो एकदम अलग बातें हैं। कम से कम इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख से यह उम्मीद बन रही है कि इस महीने के आखिर तक सभी जरूरी इंतजाम पूरे करके प्रवासी मजदूरों तक यह सुविधा पहुंचा दी जाएगी। ऐसा हो जाए तो यह एक बड़ी उपलब्धि कही जाएगी, लेकिन जरूरी यह भी है कि ऐसे तमाम मामलों में सरकारों के कागजी दावों से आगे बढ़कर यह सुनिश्चित करने के कारगर प्रयास हों कि सभी जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तव में पहुंचे।

# इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले चयनित काउंटी इलेवन से खेल सकती है भारतीय टीम

**लंदन ।** इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) इस महीने के अंत में मेहमान भारतीय टीम के लिए एक अभ्यास मैच का आयोजन कर सकता है। अगर सब कुछ ठीक रहता है तो चयनित काउंटी इलेवन के साथ यह तीन दिवसीय मैच 20 से 22 जुलाई तक खेला जाएगा।



ईसीबी ने यह फैसला भारतीय टीम प्रबंधन और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले अभ्यास मैच के आग्रह के बाद लिया है। भारतीय टीम प्रबंधन इस व्यवस्था से खुश है, क्योंकि उसकी तरफ से यह आग्रह देर से आया था, इसलिए जाहिर तौर पर केवल एक मैच के लिए ही था। भारतीय टीम से जुड़े एक सूत्र ने कहा, हमने जो चाहा वो मिल गया है। हम समझ सकते हैं कि इस स्तर पर अभ्यास मैच आयोजित करना मुश्किल है। भारतीय खेमा ईसीबी की दुविधाओं को भी समझ रहा है।

दरअसल इंग्लैंड बोर्ड 21 जुलाई को 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट का शुभारंभ कर रहा है। परिणामस्वरूप इंग्लैंड और अधिकतर काउंटी खिलाड़ियों के अपनी संबंधित फ्रेंचाइजी के साथ नए सफेद गेंद टूर्नामेंट में व्यस्त होने की उम्मीद है। पिछले महीने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में न्यूजीलैंड से हारने के बाद भारतीय टीम प्रबंधन को अभ्यास मैच की जरूरत महसूस हुई थी। भारतीय खिलाड़ी फिलहाल ब्रेक पर हैं। वे 14 जुलाई को टेस्ट सीरीज से पहले प्रशिक्षण शिविर के लिए डरहम में इकट्ठा होंगे। चार अगस्त को नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज में पहला टेस्ट शुरू होगा।

इस बीच यह जानकारी सामने आई है कि शुभमन गिल की जगह तत्काल कोई प्रतिस्थापन नहीं होगा, जो पिंडली की चोट से जूझ रहे हैं। समझा जाता है कि उनकी पिंडली पर तनाव है, जो उनके लिए अंतरराष्ट्रीय एथलीटों से अपेक्षित मानकों के अनुरूप फिट होना मुश्किल बना रहा है, हालांकि इस स्तर पर ठीक होने के लिए उन्हें सर्जरी की जरूरत नहीं होगी। संभावना है कि शुभमन को घर वापस भेज दिया जाएगा, लेकिन अभी अंतिम फैसला नहीं लिया गया है।

## पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रहे

**नई दिल्ली।** पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ और ये रिकॉर्ड स्तर पर टिके रहे। इससे पहले सोमवार को पेट्रोल महँगा हुआ था जबकि डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे थे। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 99.86 रुपये प्रति लीटर के अब तक के उच्चतम स्तर पर स्थिर रही। डीजल लगातार दूसरे दिन 89.36 रुपये प्रति लीटर के भाव पर अपरिवर्तित रहा।

पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का मौजूदा क्रम 04 मई को शुरू हुआ था। दिल्ली में मई और जून में पेट्रोल 8.41 रुपये और डीजल 8.45 रुपये महँगा हुआ था। जुलाई में पेट्रोल की कीमत 1.05 रुपये और डीजल की 18 पैसे प्रति लीटर बढ़ चुकी है।

देश के दूसरे शहरों में भी आज दोनों जीवाश्म ईंधनों के मूल्यों में कोई बदलाव नहीं हुआ। मुंबई में पेट्रोल 105.92 रुपये और डीजल 96.91 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 93.91 रुपये प्रति लीटर के भाव बिका। कोलकाता में पेट्रोल 99.84 रुपये और डीजल 92.27 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा।

पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

## खेल मंत्रालय ने विदेशों में स्थित सात खिलाड़ियों के टीकाकरण के लिए विदेश मंत्रालय से मदद मांगी

**नई दिल्ली।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने विदेश में स्थित सात खिलाड़ियों और 17 सहायक स्टाफ के कोविड-19 टीकाकरण को पूरा करने के लिए विदेश मंत्रालय से सहायता मांगी है। इन खिलाड़ियों में स्वीडन के उप्साला में अभ्यास कर रहे भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, इटली के असिसि में मौजूद मुक्केबाज मनीष कौशिक, सतीश कुमार, पूजा रानी व सिमरनजीत कौर और रूस में रुके पहलवान रवि दहिया और दीपक पुनिया शामिल हैं।

स्वीडन में, कोविडशील्ड (एस्ट्राजेनेका) केवल 65 वर्ष की आयु से बड़े लोगों के लिए उपलब्ध है। इटली की टीकाकरण नीति के कारण भारतीय मुक्केबाजों के लिए कोविडशील्ड की दूसरी डोज लेना मुश्किल हो रहा है जबकि रूस के पास केवल स्पूतनिक वैक्सीन है। संभावना है कि भारतीय खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ को उन देशों में स्थित भारतीय दूतावास में टीके की दूसरी डोज लगाई जाए।



चार मुक्केबाज और 11 कोचिंग और सहयोगी स्टाफ, जिन्हें टीके की जरूरत है, 8 जुलाई को इटली से भारत वापस आने वाले थे। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने सरकार को पत्र लिखकर मुक्केबाजों को टोक्यो जाने तक इटली में ही प्रशिक्षण जारी रखने की अनुमति देने के लिए कहा है । ऐसे में इन 15 सदस्यों का पूरा टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय की सहायता महत्वपूर्ण हो जाती है।

हालांकि ओलंपिक खेलों के लिए टोक्यो ओलंपिक समिति ने खिलाड़ियों और अधिकारियों का कोविड-19 टीका लगवाना अनिवार्य नहीं किया है, लेकिन भारत ने अपने खिलाड़ियों, कोच और सहयोगी स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिक आधार पर उनके टीकाकरण का फैसला लिया है।

## एयरलाइसंस को 65 प्रतिशत क्षमता के साथ परिचालन की अनुमति

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू मार्गों पर विमान सेवा कंपनियों को आज से 65 प्रतिशत क्षमता के साथ परिचालन की अनुमति दे दी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आज एक आदेश जारी कर क्षमता सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दी है। यह आदेश तत्काल प्रभावी हो गया है और 31 जुलाई 2021 तक या अगले आदेश तक लागू रहेगा। मंत्रालय ने आदेश की प्रति के साथ एक ट्वीट कर बताया घरेलू हवाई यात्रा की बढ़ती माँग के साथ घरेलू नागरिक उड्डयन क्षमता की सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत कर दी गई है।



पिछले साल पूरे दो महीने तक देश में नियमित यात्री उड़ानों पर पूरी तरह प्रतिबंध के बाद मंत्रालय ने एक-तिहाई क्षमता के साथ घरेलू मार्गों पर यात्री उड़ानों की अनुमति दी थी। बाद में इस सीमा को बढ़ाकर 80 प्रतिशत कर दिया गया था। महामारी की दूसरी लहर और यात्रियों की संख्या में भारी गिरावट को देखते हुये मंत्रालय ने गत 28 मई को क्षमता सीमा को दुबारा घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया था।

## फिल्मों से दूर रहकर भी करोड़ों की कमाई करती हैं करिश्मा कपूर

करिश्मा कपूर 90 के दशक की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं. अपनी खूबसूरती और जबरदस्त एक्टिंग से करिश्मा ने दर्शकों का खूब दिल जीता है. करिश्मा ने साल 1991 में फिल्म प्रेम कैदी से बॉलीवुड में एंट्री मारी थी. पहली फिल्म से धमाल मचाने के बाद करिश्मा ने फिर एक के बाद एक कई फिल्मों में काम किया. करिश्मा अपने समय में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेस थीं. हालांकि बच्चे और परिवार में बिजी होने के बाद करिश्मा ने फिल्मों से दूरी बना ली थी. फिर कई सालों के ब्रेक के बाद उन्होंने वापसी की, लेकिन इस बार पहले जैसे उनका जादू नहीं चल पाया. भले ही करिश्मा अब फिल्मों से दूर हैं, लेकिन इससे उनकी कमाई पर असर नहीं पड़ा है.



रिपोर्ट्स के मुताबिक करिश्मा अभी भी करोड़ों में कमाई करती हैं. इसके साथ ही उनके पास लग्जरी गाड़ियों का कलेक्शन भी है. करिश्मा लास्ट साल 2020 में वेब सीरीज मेंटलहुड में नजर आई थीं. इस सीरीज में मां के डिफ्रेंट शेड्स दिखाए गए थे. हालांकि इसमें करिश्मा के अलावा भी कई एक्टर्स थे. इस सीरीज को काफी पसंद किया था और करिश्मा ने इसके जरिए ही डिजिटल डेब्यू किया था.

फिलहाल करिश्मा ने कोई अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की अनाउंसमेंट नहीं की है. हालांकि वह विज्ञापनों में नजर आती रहती हैं. करिश्मा अपने परिवार के साथ टाइम स्पेंड कर रही हैं और सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह अपनी फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं.

करिश्मा बॉलीवुड इवेंट्स में भी नजर आती रहती हैं. इसके अलावा वह बहन करीना कपूर के साथ पार्टीज करती रहती हैं जिसकी फोटोज सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं.

बीती रात करिश्मा ने करीना और दोस्तों के साथ बर्थडे सेलिब्रेट किया जिसमें अमृता अरोरा भी शामिल थीं. अमृता ने पार्टी की फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की है.

## आज का राशिफल

मेष :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी।

वृषभ :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। शारीरिक रूप से थकान का अनुभव होगा। कोई विशेष काम करना पड़ सकता है।

मिथुन :- आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यवसाय-धंधे में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यों में आशानुरूप सफलता नहीं मिलने से मन व्यग्र रहेगा।

कर्क :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगा।

सिंह :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा। परिजनों के साथ दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

कन्या :- आज का दिन अच्छा रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा और परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

तुला :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा मध्यम रहेगा और कार्यों में आशानुरूप सफलता नहीं मिलेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना रहेगी।

वृश्चिक :- आज का दिन सामान्य रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे और बुजुर्गों के आशीर्वाद से कार्यों में सफलता मिलेगी।

धनु :- आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों और मेहनत से कार्यों में सफलता मिलेगी।

मकर :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी।

कुम्भ :- आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा।

मीन :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार मध्यम रहेगा। किसी के भी साथ धन से सम्बंधित व्यवहार न करें।

## कैटरीना अब साउथ के इस सुपरस्टार के साथ पर्दे पर करेंगी धमाल

बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. बूम फिल्म से करियर की शुरुआत करने वाली कैटरीना ने अपने अब तक के करियर में कई शानदार फिल्मों में काम की है. मेकर्स भी अपनी फिल्मों में कैटरीना कैफ को लेना पसंद करते हैं. यही कारण है कि हर बड़े स्टार के साथ एक्ट्रेस काम कर चुकी हैं. अब एक्ट्रेस साउथ के एक सुपरस्टार के साथ काम करती नजर आने वाली हैं.

कैटरीना कैफ वैसे तो इन दिनों टाइगर 3 को लेकर सुर्खियों में हैं जिसकी शूटिंग कोविड के कारण से रुकी पड़ी है. लेकिन इसी बीच खबर आई है कि निर्माता श्रीराम राघवन ने अगली फिल्म के लिए कैटरीना को ले लिया है.



खबर के अनुसार कैटरीना कैफ पहली बार साउथ के स्टार विजय सेतुपति के साथ नजर आएंगी. इतना ही नहीं श्रीराम राघवन के साथ भी एक्ट्रेस पहली बार ही काम करेंगी. इस फिल्म को लेकर यह भी अपडेट सामने आया है कि कैटरीना ने फिल्म पर काम शुरू कर दिया है. इन दिनों कैटरीना फिल्म की कहानी पढ़ रही हैं. इससे कैटरीना अपने रोल को अच्छे से समझ पाएंगी और इसी के अनुसार खुद को ढाल भी पाएंगी.

फिल्म का टाइटल तय नहीं है लेकिन कहा जा रहा है कि मेरी क्रिसमस के नाम से फिल्म बनायी जा सकती है. फिल्म के बारे में यह जानकारी भी सामने आयी है कि इस पूरी ही फिल्म का पूरा शूटिंग शेड्यूल 30 दिन का होगा.

## काजल अग्रवाल ने बढ़ाई फीस, पहली बार किसी फिल्म के लिए ले रहीं दो करोड़ रुपये

पहले जहां शादी के बाद अभिनेत्रियों का करियर खत्म मान लिया जाता था, वहीं आज के समय में शादी के बाद भी अभिनेत्रियां सुपरहिट फिल्में दे रही हैं। अब अभिनेत्री काजल अग्रवाल को ही ले लीजिए, जिनकी डिमांड शादी के बाद बढ़ गई है। काजल अपनी अगली हिंदी फिल्म के लिए दो करोड़ रुपये फीस ले रही हैं। काजल के करियर की यह पहली फिल्म है, जिसके लिए वह इतनी फीस ले रही हैं।



पिछले काफी समय से चर्चा है कि काजल हिंदी फिल्म उमा में नजर आएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म के लिए काजल को दो करोड़ रुपये मिल रहे हैं। बताया जा रहा कि अब तक के फिल्मी करियर में काजल को पहली बार इतनी मोटी रकम ऑफर हुई है। काजल जल्द ही तमिल फिल्म पेरिस पेरिस में नजर आएंगी, जो कंगना रनौत की हिट फिल्म क्वीन का रीमेक है।

## बचे केले से बनाएं बनाना डोनट

अक्सर घर में केले बच जाते हैं, जिसके छिलके काले पड़ जाते हैं, जिन्हें कोई खाना पसंद नहीं करता। ऐसे में इनसे बनाएं बनाना डोनट, जो टेस्टी होने के साथ हेल्दी भी हैं।



### सामग्री :

1.5 कप मैदा, 2 टेबलस्पून पिसी हुई चीनी, 1 टीस्पून बेकिंग पाउडर, 1 टीस्पून वैनिला एसेंस, चुटकी भर नमक, 2 अंडे, 2/3 कप दूध, 3 टेबलस्पून ऑलिव ऑयल, 3 केले, तलने के लिए तेल, कोटिंग के लिए पिसी हुई चीनी या कोकोआ पाउडर

### विधि :

- एक बोल में मैदा, चीनी, बेकिंग पाउडर और नमक डालकर मिलाएं। दूसरे बोल में अंडे, दूध, ऑलिव ऑयल और वैनिला एसेंस डालकर अच्छी तरह मिलाएं। इसे अब मैदा वाले बोल में डालकर मिलाते जाएं। - इस बोल में मैश किया हुआ केला मिलाएं। मिक्सचर को गाढ़ा ही रखें।
- कड़ाही में तेल डालें। अब इसमें डोनट को शेप देते हुए सेंकते जाएं।
- एक प्लेट पर पेपर टॉवल बिछाएं। इस पर डोनट को निकालते जाएं।
- अब एक प्लेट में चीनी या कोकोआ पाउडर फैलाएं। डोनट के ऊपरी हिस्से को इससे कोट करें।
- इन बनाना डोनट को ठंडे या गर्म, अपनी पसंद अनुसार सर्व करें।

टिप्स

डोनट को चॉकलेट से ग्लेज देने के लिए चॉकलेट को पिघला लें। इसमें डोनट को डुबोएं और ऊपर से पसंदीदा टॉपिंग्स से सजाकर सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 132

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | ■ | ■ |
| 4 | | ■ | 5 | | | 6 | ■ | 7 |
| ■ | 8 | | | ■ | 9 | | | |
| 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | | ■ | |
| 11 | | | | ■ | 12 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | 13 | | ■ | 14 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | ■ | 20 |
| 21 | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 131का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## सू-दोकू- 132

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[illegible] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.131का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |